कार्यालय जिला पंचायत मुंगेली (छ0ग0)

क्रमांक/1629/जि.पं./पंचा./ग्रा.पं.स.भर्ती./2015 मुंगेली ,दिनांक 02/06/2015

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक 3640 (A)/पंग्राविवि/22/2008 दिनांक 29.08.2008 तथा पत्र क्रमांक/पंचा–1092/पंग्राविवि/22/2015/162 नया रायपुर दिनांक 16.04.2015 के अनुसार पंचायत कर्मी के सेवा–शर्तो हेतु जारी किये गये मार्गदर्शिका के प्रावधानों के तहत् मुंगेली जिले के ग्राम पंचायतों में रिक्त **"ग्राम पंचायत सचिवों"** के पद हेतु निर्धारित अर्हता एवं योग्यता रखने वाले **मुंगेली जिला के मूल निवासी** व इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक **20 जून 2015** सांय 05:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र वांछित अर्हता व योग्यता की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों सहित स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री पत्र के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। व्यक्तिगत रूप से जमा किए गये या विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

रिक्त पदों का विवरण विवरण

ग्राम पंचायत सचिवों की रिक्त पदों की कुल संख्या

क्रमांक	प्रवर्ग	मुक्त	महिला	भूतपूर्व सैनिक	विकलांग	कुल पद
1	2	3	4	5	6	
1	अनारक्षित	12	08	03	02	25
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	04	02	01	–	07
3	अ.जा.	07	04	01	–	12
4	अ.ज.जा.	02	02	01	–	05
योग		25	16	06	02	49

टीपः– पदों की संख्या घटाई या बढाई जा सकती है।

विभागीय नियम एवं शर्तेः–

वेतनमानः– वेतनमान 3500–10,000/–+ ग्रेड वेतन 1100/–रू.
(समय–समय पर शासन द्वारा पुनरीक्षित आदेशानुसार)

आयु सीमा :–

आवेदक की न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशित तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्त जन तथा महिला उम्मीदवारों तथा भूतपूर्व सैनिकों को राज्य शासन द्वारा अधिसूचित निर्देशानुसार, आयु सीमा में छूट की पात्रता नियमानुसार *प्राप्त होगी।*

आवश्यक शैक्षणिक अर्हता :–

आवेदन की न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता हायर सेकेंडरी (10 + 2) बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

सामान्य अर्हता एवं शर्ते :–

1. उम्मीदावारों को मुंगेली जिले का मूल निवासी होना आवश्यक होगा, सक्षम राजस्व अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें।
2. आरक्षित वर्ग के पदों के लिये छत्तीसगढ़ राज्य के सक्षम राजस्व अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र (जो कालातीत ना हुए हों) ही मान्य होगें।
3. उम्मीदावारों को आवेंदन करने की तिथि को मुंगेली जिला के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक होगा।
4. किसी संस्था/कार्यालय में नियोजित उम्मीदवारों को नियोक्ता प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. पूर्व नियोजित किंतु किसी आरोप के आधार पर पदच्युत किये गये कर्मी/कर्मचारी ग्राम पंचायत सचिव पद के पर नियुक्ति हेतु अर्नह (disqualified) होगें।
6. निःशक्तजन उम्मीदवारों की निःशक्तता प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा तथा यह प्रमाण पत्र कालातीत नही होना चाहिए।
7. नियुक्त उम्मीदावारों को परिवीक्षाकाल में अन्यत्र स्थानांतरित नही किया जावेगा, तथा राज्य शासन/जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना होगा।
8. नियुक्ति के संबंध में नियोक्ता प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
9. नियुक्ति हेतु पात्रता की शर्ता में छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी अद्यतन नियम दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जावेगा। तथा भर्ती एवं चयन के संबंध में कोई नया निर्देश एवं नियमों में संशोधन शासन द्वारा किया जाता है तो यथावत् लागू होगा।
10. **ऐसे आवेदक जिनके दो से अधिक जीवित बच्चे है जिनका जन्म 26 जनवरी 2001 के बाद हुआ है वे चयन एवं नियुक्ति के लिए अपात्र होंगे।**
11. **ऐसे आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिये है वे चयन एवं नियुक्ति के लिए अपात्र होंगे।**
12. **यदि वह किसी ऐसे अपराध के लिये सिद्धदोष ठहराया गया हो जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वर्णित हो नियुक्ति के लिये अपात्र होगा।**
13. **यदि आवेदक की एक से अधिक पत्नी जीवित है और महिला अभ्यर्थी के मामले में यदि उसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पहले से ही पत्नी जीवित है तो चयन एवं नियुक्ति के लिये अपात्र होगा।**
14. **यदि वह महिलाओं के विरूद्ध के प्रताड़ना के किसी अपराध के लिये न्यायालय द्वारा सिद्धदोष ठहराया गया हो तो अपात्र होगा।**

चयन प्रक्रियाः–

1. उम्मीदावारों की चयन/नियुक्ति उनके अर्हता परीक्षा एवं योग्यतापर निर्धारित अंको के सकल प्राप्तांको के आधार पर प्रवर्गवार तैयार की गई वरीयता क्रम (मेरिट सूची) के अनुसार की जावेगी।
2. ग्राम पंचायत सचिव पद के चयन हेतु प्रमाण पत्र आदि के आधार पर आवेदकों की वरीयता (मेरिट) का निर्धारण किया जावेगाः–

1. हायर सेकेंडरी के अंको का अधिभार	–	65 प्रतिशत
2. उच्चतर शैक्षणिक योग्यता अधिकतम (स्नातक–03 अंक/स्नातकोतर– 02 अंक)	–	05 अंक
3. रोजगार सहायक के पद पर कार्य करने का अनुभव अधिकतम	–	30 अंक

(प्रत्येक वर्ष 03 अंक के मान से अधिकतम 10 वर्ष का अंक
01 वर्ष = न्यूनतम 09 माह का कार्यानुभव)
(कार्य अनुभव हेतु संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा जारी नवीनतम कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र मान्य किया जावेगा, अनुभव प्रमाण–पत्र में कार्य अवधि स्पष्ट लिखा होना चाहिए साथ ही जारी किए गए कार्यालय का जावक क्रमांक एवं दिनांक स्पष्ट उल्लेखित होना चाहिए।)

3. निर्धारित तिथि तथा आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की उल्लेखित अर्हता, योग्यता एवं मापदंड के अनुसार मूल्यांकन किया जाकर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की जावेगी तथा प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् अंतिम वरीयता सूची (मेरिट) तैयार की जावेगी।
4. वरीयता सूची के उम्मीदवारों के मूल अभिलेखों के सत्यापन के पश्चात चयन सूची तैयार कर प्रकाशित की जावेगी।

आवेदन पत्र का प्रारूप :–

1. आवेदक को जिला पंचायत मुंगेली के द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन पत्र भरना होगा, उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता एवं योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की स्व–हस्ताक्षरित अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. आवेदन का प्रारूप जिला पंचायत मुंगेली एवं जनपद पंचायतों के सूचना पटल देखा जा सकता है। साथ ही साथ जिला मुंगेली की वेबसाईट www. bilaspur.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
3. आवेदक को आवेदन पत्र जिला पंचायत मुंगेली के द्वारा तैयार किए गए निर्धारित प्रारूप में डाकघर के माध्यम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग.) को प्रेषित किया जावें। आवेदन पत्र सीधे स्वीकार नही किए जावेगें। आवेदन पत्र दिनांक 20 जून 2015 सांय 5.30 तक ही स्वीकार किए जावेगें, उक्त तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मुंगेली छ0ग0

मुंगेली जिला पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव पद हेतु आवेदन – पत्र

पासपोर्ट साईज की नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा करें एवं स्वहस्ताक्षर का प्रमाणित करें।

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग.)

संदर्भः– विज्ञापन क्रमांक.....दिनांक.....

1. आवेदित पद का नाम :– **ग्राम पंचायत सचिव**
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– .....
   (अंग्रेजी के बड़े अक्षर में) :– .....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :– पुरूष ( ) महिला ( )
4. पिता/पति का नाम :– .....
5. (अ) जन्मतिथि – अंको में :– तिथि.....माह.....वर्ष.....
   (ब) शब्दों में :– .....
   (स) विज्ञापन जारी होने की तिथि को आयु :– वर्ष.....माह.....दिन.....
   (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु हाईस्कूल अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)
6. जति (प्रवर्ग–अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य):–.....
   (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
7. क्या आवेदक जिला मुंगेली का मूल निवासी हैः– हाँ ( ) नहीं ( )
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य संलग्न करें।)
8. पत्र व्यवहार का स्थायी पता :– .....
   .....
   .....
   .....पिन.....
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरणः–
   (क) रोजगार कार्यालय का नाम :– .....
   (ख) प्रथम पंजीयन का क्रमांक व दिनांक :– .....
   (ग) नवीनीकरण कराये जाने की तिथि :– .....
   (घ) अगली नवीनीकरण कराये जाने की तिथिः– .....
10. शैक्षणिक अर्हता संबंधी जानकारीः–

क्र.	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	संकाय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
01	हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा						
02	हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा						
03	स्नातक						

04	स्नातकोत्तर						

टीपः– शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न की जाये।

11. अनुभवः–

यदि आप पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक पद का अनुभव रखते हों तो निम्न जानकारी देवें:–

क्र.	पद का नाम	नियोक्ता का पदनाम व कार्यालय	कार्यविधि कब से कब तक	कुल अनुभव	शेष

टीपः– अनुभव संबंधी मूल प्रमाण–पत्र संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी से जारी हो तथा जावक क्रमांक एवं दिनांक तथा कार्यावधि स्पष्ट हो।

12. यदि आवेदक 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्तता से बाधित हो तो निम्न जानकारी दी जाये:–

क्र.	निःशक्तता का प्रकार	निःशक्तता का प्रतिशत	मेडिकल बोर्ड का नाम जहां से विकलांग प्रमाण–पत्र जारी किया है	प्रमाण–पत्र का क्र. व दिनांक	विशेष

टीपः– मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मूल प्रमाण–पत्र सत्यापित प्रति संलग्न करें।

13. अन्य कोई जानकारी यदि हो तो :– .....

.....

14. संलग्न सत्यापित दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों का विवरणः–

1.....2.....

3.....4.....

5.....6.....

घोषणा–पत्र

मैं.....पिता/पति.....

जाति .....उम्र.....निवासी ग्राम.....

तहसील.....जिला–मुंगेली (छ.ग.) शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ, कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी एवं आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्र मेरे जानकारी व विवेक के अनुसार सत्य प्रमाणिक है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी व दस्तावेज असत्य, फर्जी व कुटरचित पाये गये तो नियोक्ता को मेरी नियुक्ति निरस्त करने व आपराधिक प्रकरण (एफ.आई.आर.) दर्ज करने का पूर्ण अधिकार होगा।

स्थान.....

दिनांक.....

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम.....

पता.....